सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन नैनीताल/उधम सिंह नगर 22 जून, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने जनपद उधम सिंह नगर भ्रमण के दौरान जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी वि वविद्यालय, पंतनगर स्थित तराई अतिथि गृह में जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने जिला प्रशासन द्वारा किए गए अभिनव कार्यों एवं चुनौतियों को राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी ने बताया कि किस प्रकार विभिन्न केंद्र एवं राजकीय योजनाओं के माध्यम से सम्पूर्ण जनपद को लाभान्वित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि रुद्रपुर नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत नजूल भूमि पर लाभार्थियों को मालिकाना हक देने हेतु उन्हें ''सरकार आपके द्वार'' योजना के अंतर्गत प्रशासन द्वारा उनके घर–घर जाकर सुविधाएं प्रदान की गई, जिस पर राज्यपाल ने हर्ष व्यक्त किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टी. सी. ने विस्तार से जनपद की पुलिस क्रियाकलापों का विवरण दिया। डॉ. मंजूनाथ टी. सी. ने बताया कि जनपद में बढ़ते अपराधों को रोकने के सीसीटीवी नेटवर्क का जाल विस्तृत रूप से फैलाया गया है, और जिसकी निगरानी केंद्रीयकृत माध्यम से की जा रही है। उन्होंने जिले की शांति एवं कानून व्यवस्था की विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि उधम सिंह नगर जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्य उल्लेखनीय हैं। उन्होंने कहा कि उधम सिंह नगर उत्तराखंड राज्य के कुमाऊं क्षेत्र का प्रवेश द्वार है एवं साथ ही यह जनपद उत्तर प्रदेश राज्य के पांच जनपदों के साथ भी अपनी सीमा साझा करता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मानसखंड मंदिर माला परियोजना आकार ले रही है, उस से आने वाले समय में उधम सिंह नगर में भी श्रद्धालुओं और यात्रियों की आमद निश्चित रूप से बढ़ेगी। राज्यपाल ने कहा कि अभी से ही जिला प्रशासन को इस ओर ध्यान देते हुए आधारभूत संरंचाओं के विकास को बढ़ावा देने की ओर ध्यान देना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि मनरेगा के माध्यम से हेलीपैड निर्माण जैसे कार्यों को संपन्न कराना एक सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पंतनगर हवाई अड्डा, अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा बनने जा रहा है, केंद्र सरकार की इस पहल से कुमाऊं क्षेत्र में ना सिर्फ पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा अपितु साथ ही औद्योगिक गतिविधियां भी बढ़ेंगी।

राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान समय में संपूर्ण वि व कुछ वैश्विक चुनौतियों से निपटने की तैयारियों में जुटा हुआ है, जिसमें तापमान की बढ़ोतरी, भूमिगत जल का गिरना, वनाग्नि और आधुनिक शिक्षा एवं चिकित्सा सुविधाएं अहम हैं। राज्यपाल ने कहा कि जिस प्रकार उधम सिंह नगर जिला प्रशासन द्वारा यह सभी कार्य किए गए हैं, तो यह भी आवश्यक है कि इसको सही माध्यम में उल्लेखित किया जाए साथ ही इन कार्यों का उचित प्रचार एवं प्रसार भी किया जाए, इस हेतु राज्यपाल ने जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को एक एक कॉफी टेबल बुक बनाने के भी निर्देश दिए, जिस से उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों की जानकारी अन्य जिलों को भी प्राप्त हो सके।

इस अवसर पर जिलाधिकारी उदय राज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा मंजुनाथ टीसी, सीडीओ मनीष कुमार सहित जनपद के सभी नगर निगमों के नगर आयुक्त, जल संस्थान एवं पेयजल निगम के महाप्रबंधक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता सहित जनपद के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

............0...........

नोट– जिला सूचना कार्यालय उधम सिंह नगर के प्रेस विज्ञप्ति पर आधारित।